हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 9 अप्रैल 2025



11 ओपन ग्रुप ने प्रशिक्षण केंद्र व पंडित नेकीराम पार्क में ....





12 गाजा पट्टी पर किए गए बर्बर हमले की कड़ी निंदा...





HURRY UP ! Limited Seats
NEET | JEE | NTSE
NDA | MNS | AIRFORCE
★Free Doubt Class ★AC Class Rooms
★Free Extra Class ★Join H.D. for Success
★No Tuition No Tension★ Direct Bus Service From Ch. Dadri
FREE DEMO Classes
Science (Medical, Non-Medical) Commerce, Arts
H.D. Public School Birohar
A Co-Education English Medium | C.B.S.E Affiliated Sr. Sec. School
Admission Open Nur. to 9th & 11th
For Session 2025-26
M. 8059923555, 8607128682


## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय नमस्कार महामंत्र दिवस आज

**भिवानी।** समस्त जैन समाज द्वारा विश्व शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नौ अप्रैल बुधवार को अंतरराष्ट्रीय नमस्कार महामंत्र दिवस मनाया जाएगा। यह जानकारी समस्त जैन समाज की ओर से सुरेंद्र जैन ने प्रेस को जारी बयान में दी। उन्होंने कहा कि पहली बार देश-विदेश के समस्त जैन समाज द्वारा एक साथ मिलकर नमस्कार महामंत्र का जाप किया जाएगा। देश और दुनिया के अनेक शहरों में समय प्रातः 8:01 से लेकर 9:36 तक का निर्धारित किया है। भिवानी में भी प्रेक्षा विहार में ये वृहद आयोजन होगा

### फुले जयंती उपलक्ष्य में कार्यक्रम 14 को

**भिवानी।** सैनी कलयाण परिषद की बैठक हनुमान ढाणी की न्यू सैनी धर्मशाला में हुई। जिसमें महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के उपलक्ष्य में 14 अप्रैल को हनुमान ढाणी हनुमान मंदिर में सांसद रामचंद्र जांगड़ा बतौर मुख्यतिथि, विधायक घनश्यामदास सर्राफ समारोह अध्यक्ष, नगर परिषद की चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह विशिष्ट अतिथि, भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैठक में विचार विमर्श किया और तय किया कि महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर रक्तदाताओं को और शोभा यात्रा की झांकियों में भाग लेने वालों को सम्मानित किया जाएगा।

### पहाड़ी माता मंदिर के सामने से बाइक चोरी

**लोहारू।** गांव पहाड़ी में पहाड़ी माता के दर्शनों के लिए गए श्रद्धालु की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में कुड़ल निवासी नरेंद्र ने बताया कि वह मोटरसाइकिल से पहाड़ी गांव में माता के दर्शनों को गया था। इससे पहले उसने पहाड़ी मंदिर के नीचे ही मोटरसाइकिल खड़ी की थी। जब वापिस लौटकर देखा तो मोटरसाइकिल गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सड़क हादस में बाइक चालक घायल, केस दर्ज

**लोहारू।** इलाके के सेहर गांव के बरालु मोड़ पर मोटरसाइकिल और हरियाणा रोडवेज बस में टक्कर हो गई। जिसमें मोटरसाइकिल सवार घायल हो गया। पुलिस को दी शिकायत में राजस्थान निवासी आकाश ने बताया कि वह बहल आईटीआई में पढ़ता है तथा अपने दोस्त अंकित के साथ बाइक पर घर जा रहा था। इस दौरान सामने से आ रही रोडवेज बस ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गया। लोहारू सामुदायिक अस्तपाल में उपचार के बाद उसे भिवानी रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### अंजनेय महोत्सव का बेंगलुरु में होगा आयोजन

**भिवानी।** श्री सालासर बालाजी मंदिर बैंगलोर में 12 से 14 अप्रैल तक आयोजित होने वाला अंजनेय महोत्सव (हनुमान जयंती) 2025 एक दिव्य और अभूतपूर्व आयोजन होगा, जिसमें भक्तों को भक्ति, अध्यात्म और धार्मिक अनुष्ठानों की अनुपम अनुभूति प्राप्त होगी। यह भव्य महोत्सव सिद्धगुरुवर सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरूवांद स्वामी जी के आशीर्वाद और मार्गदर्शन में संपन्न होगा। सरला बोथरा ग्लोबल महिला चेयरपर्सन ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 12 अप्रैल को होगा।

प्रदर्शनकारी बोले- मुंह धोने के लिए नहीं मिलता पानी, बच्चे बिना नहाए जाते हैं स्कूल

# दादरी गेट पर पेयजल की समस्या को लेकर लोगों ने लगाया जाम

- 800 से 1000 रुपये में मिल रहा पानी का टैंकर
- लोग बोले- इतना महंगा पानी मंगवाने की हैसियत नहीं







हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है, पीने के पानी की समस्या फिर से पैदा हो रही है। इसी के चलते भिवानी के दादरी गेट पर ढाणा रोड व दादरी गेट क्षेत्र के नागरिकों ने जाम लगा दिया तथा प्रशासन से पानी की सप्लाई छोड़े जाने की मांग की। नागरिकों का आरोप था कि पिछले 10 दिनों से उनके घरों में पानी नहीं आ रहा है, जिसके चलते उन्हे भारी परेशानी हो रही है। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को आश्वासन दिया। तब जाकर प्रदर्शनकारी जाम खोलने को राजी हुए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो वे फिर से सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे।

दस बजे दादरी गेट इलाके की महिला व पुरुष सड़क पर उतर आए। महिलाओं ने मानव श्रृंखला बनाकर वाहनों को रोकना आरंभ कर दिया। जाम लगने के कुछ देर बाद ही मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गई। जाम की सूचना मिलते जैन चौक चौकी पुलिस पहुंची। पुलिस ने महिलाओं से जाम हटाने के लिए कहा,लेकिन महिलाओं ने जाम खोलने से इंकार कर दिया। महिलाओं का तर्क था कि उनके इलाके पिछले कई महीनों से पीने के पानी की समस्या बनी है। कई बार शिकायत के बावजूद उनकी समाधान नहीं हो पाया है। दादरी गेट पर प्रदर्शन कर रहे नागरिक सतीश मेहरा, रेशमा, सूरज ने बताया कि उनके क्षेत्र में 10 दिनों से पानी की परेशानी है। सुबह उठते ही उन्हे मुह धोने के लिए भी पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा। अप्रैल में फिर से स्कूल लगने लगे है। वे बच्चों को बिना नहलाए ही स्कूल में भेजने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि दादरी गेट के इस क्षेत्र में अधिकतर दिहाड़ी करने वाले लोग रहते है। वे 800 से एक हजार में मिलने वाले टैंकर को नहीं खरीद सकते, बल्कि उन्हे अपनी रोज की मजदूरी का काम छोडक़र दूर-दराज के क्षेत्रों से हैडपंप से पानी लाकर गुजारा करना पड़ रहा है। इस मौके पर जाम खुलवाने पहुंचे पुलिस अधिकारी सुरेश ने बताया कि दादरी गेट के क्षेत्र के लोगों ने यहां पर आधे घंटे तक जाम लगाया, जिसे जनस्वास्थ्य विभाग के जूनियर इंजीनियर व एसडीओ के आश्वासन के बाद खोल दिया गया है तथा यातायात सुचारू रूप से शुरू कर दिया है।

### बहुत सी गलियों में टैंकर पहुंचना संभव नहीं

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि जिला प्रशासन ने उन्हे कहा कि वे उनके घरों में पानी सप्लाई आने तक टैंकरों के माध्यम से पानी पहुंचा देंगे, लेकिन बहुत सी गलियों में टैंकर पहुंचना संभव नहीं है। ऐसे में पानी की सप्लाई छोड़ा जाना ही सही हल होगा। उन्होंने कहा कि यदि उनकी समस्या हल नहीं हुई तो वे फिर से दादरी गेट, कोंट रोड़ व ढ़ाणा रोड़ के निवासियों के साथ मिलकर जाम लगाने को मजबूर होंगे।



भिवानी। बाढ़ड़ा अनाजमंडी का दौरा कर खरीद प्रक्रिया का जायजा लेते सांसद व विधायक। फोटो : हरिभूमि

# सांसद व विधायक ने खरीद प्रक्रिया का लिया जायजा

- सरकार किसानों को हर संभव सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध: सांसद धर्मबीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मबीर सिंह एवं बाढ़ड़ा के विधायक उमेद पातुवास ने मंगलवार को बाढ़ड़ा अनाजमंडी का दौरा किया और फसल की खरीद प्रक्रिया का जायजा लिया। दोनों जनप्रतिनिधियों ने मंडी परिसर में किसानों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने मंडी प्रशासन व खरीद एजेंसियों के अधिकारियों से फसल की तौल, भंडारण और भुगतान प्रक्रिया की जानकारी ली।

सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि सरकार किसानों को हर संभव सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी किसान को अनावश्यक परेशानी न हो और फसल की त्वरित खरीद व समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए, यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मंडी में सफाई व्यवस्था, तौल मशीनों की सटीकता और बारदाने की उपलब्धता का भी निरीक्षण किया। इस दौरान किसानों ने प्रतिनिधियों को मंडी में आ रही कुछ समस्याओं की ओर ध्यान दिलाया, जिनमें तौल में देरी और कुछ स्थानों पर बारदाने की कमी शामिल थी। सांसद ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि किसानों की फसल का एक एक दाना खरीदा जाएगा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील इंजीनियर, जिला पार्षद अशोक कादमा, जमींदारा सोसायटी के डायरेक्टर प्रविंद मांढी, सुधीर को ऑपरटिव बैंक चेयरमैन, हनुमान शर्मा प्रधान आढ़ती एसोसिएशन, धर्मसेना अध्यक्ष बलवान सिंह आर्य, महासचिव अजय चाहर, धर्मेंद्र प्रधान व वेद अटेला आदि मौजूद रहे।

# सीजेएम पवन कुमार ने किया बाल सेवा आश्रम का निरीक्षण

- सीजेएम ने आश्रम के बच्चों का हाल-चाल जानते हुए प्रबंधक को जरूरी दिशा-निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन डीआर चालिया के निर्देशानुसार प्राधिकरण के सचिव-कम-सीजेएम पवन कुमार ने बाल सेवा आश्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आश्रम की ओर से बच्चों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। सीजेएम ने आश्रम के बच्चों का हाल-चाल जानते हुए आश्रम प्रबंधक को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। सीजेएम पवन कुमार ने कहा कि बच्चों को हमारे संविधान में उचित पालन पोषण उनके सर्वांगीण विकास के लिए पर्याप्त अधिकार दिए हैं। आश्रम की प्रबंध समिति को बच्चों की पढ़ाई, भोजन, वस्त्र अन्य आवश्यक सुविधाओं पर पूरा ध्यान देना चाहिए। इस दौरान उन्होंने आश्रम के प्रबंधक समिति से आश्रम के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने बच्चों से उनको दी जा रही सुविधाओं के बारे में पूछा।

### प्रोटीन युक्त भोजन दें

उन्होंने आश्रम समिति सदस्यों को शिक्षा के सुधार संबंधी जरूर निर्देश दिए। आश्रम में रह रहे बच्चों को प्रत्येक दिन अलग-अलग डाइट चार्ट बनाकर प्रोटीन युक्त भोजन दिया जाए व बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच के भी निर्देश दिए। उन्होंने भोजनालय व शयन कक्ष की सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया।

### दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का किया जाएगा आयोजन

**बहल।** बीआरसीएम एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित जीडीसी महाविद्यालय में 10 व 11 अप्रैल को एडवांसेज इन बेसिक साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एनसीएबीएसटी-25) दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन के शुभारंभ में सीबीएलयू की उपकुलपति प्रो. दीप्ति धर्मानी मुख्यातिथि होगी जबकि एमडीयू रोहतक के प्रो. एसपी खटकड़ विशिष्ट अतिथि होंगे। यह जानकारी देते हुए बीआरसीएम संस्थान निदेशक डॉ. एसके सिन्हा ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर के इस सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों के महाविद्यालय, विश्वविद्यालय के विद्यार्थी, शोधार्थी व सहायक प्राध्यापक हिस्सा लेंगे। सम्मेलन में करीब 350 से ज्यादा प्रतिभागी भाग लेंगे। डॉ. सिन्हा ने कहा कि इस सम्मेलन मेडिकल, एग्रीकल्चर, स्पेस रिसर्च, एजुकेशन सहित विभिन्न क्षेत्रों में बेसिक साइंस में नए प्रयोगों के बारे में जानकारी मिलेगी। वहीं, बेसिक साइंस का प्रोद्योगिकी सहित अन्य क्षेत्रों में प्रयोग के बारे में चर्चा होगी। कार्यक्रम के समापन अवसर पर इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी रेवाड़ी के पूर्व उपकुलपति प्रो. जेपी यादव मुख्यातिथि होंगे ।

# नकली विजिलेंस अधिकारी बन ठगी करने वाला दबोचा, डॉक्टर को दिखाया जेल का डर

- नीली बत्ती लगाकर प्राइवेट डॉक्टर से ठगे थे 99 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

निमली में डॉक्टर से हजारों रुपयों की ठगी करने वाले फर्जी विजिलेंस अधिकारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया है। निमली निवासी नानूराम ने 10 फरवरी को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह गांव में डॉक्टर की प्रैक्टिस करता है। दोपहर करीब 2 बजे उसके पास नीली बत्ती की गाड़ी आई।

गाड़ी से व्यक्ति उतरकर उसके पास आया, जिनसे खुद को कभी विजिलेंस और कभी सीएम फ्लाइंग अधिकारी बता रहा था। उसने कहा कि अगर 6 महीने की जेल से बचना है तो एक लाख रुपये देने होंगे, उसे डरा धमकाकर गाड़ी में बैठा लिया और दादरी सेंट्रल बैंक गीता भवन बैंक ले गया। नानूराम ने घबराकर 99 हजार रुपये उसे दे दिए। आरोपी रूपये लेने के बाद उसे वहीं छोड़कर फरार हो गया। पीड़ित ने ठगी का एहसास होने पर पुलिस को शिकायत दी। बीती शाम एएसआई संदीप ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की भिवानी जिला के गांव जताई निवासी पवन के रुप में हुई। पुलिस ने वारदात में प्रयोग की गई गाड़ी को भिवानी के कीर्ति नगर से बरामद किया। आरोपी से ठगी के 14 हजार 100 रुपये बरामद किए हैं। पूछताछ के दौरान आरोपी पवन ने बताया कि बाकि बचे रुपये अपने मकान गांव जताई में छिपा रखे हैं ।



भिवानी। पुलिस हिरासत में ठगी का आरोपी। फोटो : हरिभूमि

सम्मेलन

भाजपा के दो दिवसीय सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आगाज

# सम्मेलन के जरिए पार्टी की संगठनात्मक मजबूती व आगामी रणनीति होगी तय

पंचायत भवन में हुआ भिवानी विधानसभा के सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त सक्रिय सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने व उन्हे उनकी जिम्मेदारियां समझाने के उद्देश्य से मंगलवार से दो दिवसीय सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन की शुरूआत की गई। इसके तहत भिवानी जिला की चारों विधानसभाओं भिवानी, तोशाम, बवानीखेड़ा व लोहारू में अलग-अलग सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का किया जा रहा है।

मंगलवार को स्थानीय पंचायत भवन में भिवानी विधानसभा के सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसे विधायक घनश्याम सर्राफ, पूर्व जिला अध्यक्ष नंदराम धानिया व ठाकुर विक्रम सिंह ने संबोधित किया। वही इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने की तथा मंच का संचालन सुनील तलेजा ने किया। इस मौके पर पहुंचे सभी कार्यकर्ताओं का संदीप श्योराण ने आभार जताया। भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने कहा कि पार्टी की संगठनात्मक मजबूती और आगामी रणनीति तय करने के लिए अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करेगा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है, जिसके 14 करोड़ के लगभग सदस्य है। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन का उद्देश्य भाजपा के कार्यकर्ताओं को नए सदस्य जोड़ने के साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों को जनता तक पहुंचाने का संदेश भी दिया गया है। पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में मंच पर शंकर धूपड़, मीना परमार, रविंद्र बापोड़ा, मंडल अध्यक्ष शिवराज बागड़ी, सरपंच संदीप, धनराज, नविता तंवर मौजूद रहे। इस अवसर पर सतेंद्र तंवर, हर्षदीप डुडेजा, धर्मेंद्र जिंदल आदि मौजूद रहे।



### हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के नामांकन अभियान की लहर पूरे जिले में रही : आर्य

- गांव व स्कूलों में रेलियों व नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से लोगों को सरकारी स्कूल में बच्चों का दाखिला कराने के लिए जागरूक किया

**भिवानी।** अध्यापक संघ के नामांकन अभियान मंगलवार को जिले में जोर-जोर से चला। भिवानी जिले के गांव कोंट, उमरावत, कायला, बडाला व सांगा आदि गांव व स्कूलों में रेलियों व नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से लोगों को सरकारी स्कूल में अपने बच्चों का दाखिला कराने के लिए जागरूक किया गया। इसी तरह बवानी खेड़ा के बलियाली गांव में संघ के खंड प्रधान राजवीर वर्मा के नेतृत्व में रैली के माध्यम से प्रचार अभियान चलाया, बहल,लोहारू व सिवानी के गांव में भी अध्यापक संघ की टीम ने नामांकन अभियान को रैलियां निकाल कर व नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से लोगों को अपने बच्चों का सरकारी स्कूल में दाखिला करवाने के लिए प्रेरित किया। लोगों ने अध्यापक संघ की बातों को ध्यान से सुना और अपने बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूल में करवाने का आश्वासन दिया अध्यापक संघ की टीम में जिला वरिष्ठ उप प्रधान अंजू देवी, खंड प्रधान संजय और जिला सचिव सुमेर सिंह आर्य ने नुक्कड़ सभाओं के द्वारा लोगों का ध्यान सरकारी स्कूलों की तरफ दिलाया और उन्होंने कहा कि यह अपने स्कूल सरकारी स्कूल है और उनकी देखभाल करना आप सब लोगों का काम है यह अपना स्कूल है। आप अपने स्कूल में अपने बच्चों का दाखिला करवाएं और अपने गांव व समाज का सुधार करना आप लोगों की जिम्मेवारी है। इसी प्रकार से बहल खंड में संजय व जिला उपप्रधान अनिल कुमार जी व खंड प्रधान हरि कृष्ण पोटलिया की टीम ने गांव का दौरा कर नामांकन अभियान चलाया।



# जाट का टाइटल ट्रैक रिलीज, सनी ने साउथ में दिखाया नॉर्थ का दम...

**नई दिल्ली।** सनी देओल की आने वाली फिल्म जाट का टाइटल ट्रैक रिलीज कर दिया है। जाट के ट्रेलर की तरह ही ये गाना भी फैन्स को खूब पसंद आ रहा है। इससे पहले उर्वशी रौतेला का एक स्पेशल सॉन्ग 'दिल तुझको ही दूंगी पहले सॉरी बोल' रिलीज किया गया था। थमन के म्यूजिक ने उस गाने में भी दर्शकों का दिल जीता और टाइटल ट्रैक ने तो फिल्म पर चार चांद लगा दिए हैं। ऐसा लग रहा है जैसे कि ये गाना पूरी तरह से सनी देओल की पर्सनैलिटी को ध्यान में रखते हुए ही बनाया गया है। सनी देओल, रणदीप हुड्डा और विनीत कुमार सिंह की जाट 10 अप्रैल को आ रही है। सलमान खान की सिकंदर के बाद ये दूसरी बड़ी फिल्म है जो बॉक्स ऑफिस पर आई है।

लाइफ Style

# अपूर्वा



सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और अभिनेत्री अपूर्वा मुखीजा इस साल फरवरी में शुरू हुए 'इंडियाज गॉट लैटेंट' विवाद को लेकर मुश्किलों में फंसी हुई थीं। विवाद शुरू होने के ठीक दो महीने बाद मंगलवार, 8 अप्रैल को अपूर्वा ने अपना पहला पोस्ट शेयर किया।

## कहानीकार से कहानी को दूर मत करो

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पोस्ट में उन्हें धमकी देने वाले सैकड़ों कमेंट और संदेशों के स्क्रीनशॉट शामिल थे। पोस्ट की पहली स्लाइड में लिखा था, 'ट्रिगर वार्निंग: इस पोस्ट में एसिड अटैक, बलात्कार की धमकियां और मौत की धमकियां शामिल हैं।' अगली 19 स्लाइडों में नफरत, गाली-गलौज, बलात्कार की धमकियां और मौत की धमकियों से भरे मैसेज और टिप्पणियां थीं, जिनमें 'मां बाप ने कुछ सिखाया नहीं क्या?', 'घटिया लड़की', 'क्या तुम्हें शर्म नहीं आती?', 'ध्यान आकर्षित करने वाला व्यवहार' जैसी टिप्पणियां थीं। ये उनके द्वारा साझा किए गए सैकड़ों मैसेज के स्क्रीनशॉट में से कुछ टिप्पणियां थीं।


उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'और यह एक प्रतिशत भी नहीं है।' पहली पोस्ट साझा करने के बाद अपूर्वा ने कुछ ही मिनटों बा एक और पोस्ट साझा की, जिसमें लिखा था, 'कहानीकार से कहानी को दूर मत करो।' वहीं, कई यूजर्स और उनके कई साथियों ने उनकी पोस्ट पर कमेंट किया और उनका समर्थन किया। अपूर्वा सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपने प्रशंसकों के बीच 'द रिबेल किड' के रूप में जानी जाती हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 3 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं।

हॉलीवुड मसाला



# 'थंडरबोल्ट्स' का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियोज ने अपनी आगामी फिल्म 'थंडरबोल्ट्स' का ट्रेलर जारी कर दिया है। एक मिनट 34 सेकंड के ट्रेलर में लोगों को एवेंजर्स को याद करते और 'थंडरबोल्ट्स' को उनकी जगह लेते हुए देखा जा सकता है। ट्रेलर में काफी दमदार एक्शन भी देखने को मिला। इसे देखकर लगता है कि कहानी एंटी-हीरोज के हीरो बनने की है। ट्रेलर की शुरुआत एवेंजर्स की कमी खलने से होती है। उनकी कमी पूरी करने के लिए एक प्रयोग किया जाता है, जो बहुत ही भयावह साबित होता है।



# आखिरी मिशन पर निकले टॉम क्रूज...

**नई दिल्ली।** मिशन इम्पॉसिबल हॉलीवुड की सबसे पॉपुलर फिल्म फ्रैन्चाइज में से एक है। इस सुपर फेमस फ्रैन्चाइज की छोटी से छोटी झलक के लिए फैंस बेचैन रहते हैं। मिशन इम्पॉसिबल के फैंस सीमित नहीं हैं, बल्कि पूरे विश्व में इस फ्रैन्चाइज के चाहने वाले मौजूद है। हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज की मिशन इम्पॉसिबल फ्रैन्चाइज एक बड़ा माइल्स्टोन मानी जाती है। मिशन इम्पॉसिबल के सभी पार्ट्स में एक्शन का भरपूर डोज दिया जाता रहा है और इसमें पर्फॉर्म किए गए स्टंट्स की सरहाना पूरी दुनिया के फिल्ममेकर्स करते हैं। सोमवार को मिशन इम्पॉसिबल फ्रैन्चाइज की आखिरी फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल: द फाइनल रेकनिंग' का ट्रेलर रिलीज हुआ है।



# नेटिजन्स हुए खूबसूरती के दीवाने...

**मुंबई।** बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया ने हाल ही में मुंबई में हुए मैडॉक की सालगिरह की पार्टी में हिस्सा लिया। इस दौरान उनके साथ उनकी नातीन नाओमिका सरन भी नजर आईं। नाओमिका ने तुरंत सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। उन्होंने अपनी नानी के साथ पैपराजी के लिए पोज भी किया। नाओमिका का लुक नेटिजन्स को काफी पसंद आया और उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। नाओमिका को जैसे ही नेटिजन्स ने देखा उनकी खूबसूरती की तारीफ करने लगे। एक यूजर ने लिखा, क्यूट, एक अन्य ने लिखा, मिनी ट्विंकल खन्ना, एक और ने कमेंट किया, 'हां यार ये तो कैटरीना और ऐश्वर्या से बेहतर लग रही है। एक्टिंग पता नहीं कैसी है। हां अगर एक्टिंग अच्छी हुई तो अच्छी-अच्छी अभिनेत्रियों को ये पीछे कर देगी।'



# 'विकी डोनर' 18 अप्रैल को होगी री-रिलीज

**मुंबई।** सामाजिक मुद्दों से जुड़ी फिल्में करने के लिए मशहूर अभिनेता आयुष्मान खुराना एक बार फिर से सिनेमाघरों में धमाल मचाने आ रहे हैं। वो भी अपनी पहली फिल्म के साथ। जी हां, सही सुना आपने। फिल्मों के री-रिलीज की लिस्ट में अब आयुष्मान खुराना की पहली फिल्म 'विकी डोनर' का भी नाम शामिल हो गया है। इस बात की जानकारी खुद फिल्म की अभिनेत्री यामी गौतम ने दी है कि फिल्म फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की मुख्य अभिनेत्री यामी गौतम ने विकी डोनर के री-रिलीज के बारे में जानकारी देते हुए अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट साझा की है। अभिनेत्री ने फिल्म का एक पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'वह फिल्म जहां से हमारे लिए सबकुछ शुरू हुआ। फिर मिलेंगे सिनेमाघरों में। 18 अप्रैल की तारीख सेव कर लीजिए।'

टीवी मसाला



# कड़वाहट से शुरू होगी प्रेम कहानी! अबरार के आगामी शो का प्रोमो जारी

**नई दिल्ली।** दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए टीवी पर एक नया शो आने को तैयार है। आगामी शो 'कभी नीम नीम कभी शहद शहद' का प्रोमो निर्माताओं ने जारी किया। प्रोमों में दो एक दम अलग-अलग विचारधारों के लोगों के बीच प्यार और कड़वाहट जन्म लेता दिखा। प्रोमो में एक लड़की 'कथा', जिसे पेड़ और पौधों से बहुत प्यार है अपने गार्डेन के साथ काफी खुश नजर आती है। उसकी मां उसे टोकते हुए प्यार से कहती है, इन पौधों से ही शादी करोगी क्या? इसके बाद वह बीते हुए कल का उदाहरण देकर बात को टाल देती है। अगले ही पल एक रइसजादा (उदय) जो शेफ और जिसे कुकिंग से प्यार है उससे टकराता है, जिससे कथा के पौधे टूट जाते हैं। गोबर लगने से उदय नाराज हो जाता है। दोनों की बीच एक तीखी बहस होती है। उदय कसम खाता है कि वह उसे अपने प्यार में गिरा कर छोड़ देगा। यह धारावाहिक स्टार प्लस पर प्रसारित होगा। इसमें एक पारिवारिक ड्रामा और प्यार दोनों ही देखने को मिलने की उम्मीद है। 21 अप्रैल से शाम 7 बजे से इसका प्रसारण शुरू होगा। दर्शक इसे ओटीटी पर भी देख सकते हैं। शो में अबरार काजी और आफिया तायबली मुख्य भूमिका निभाएंगी। अबरार पहले से ही टीवी शो के माध्यम से लोगों को दिलों में जगह बना चुके हैं। उन्हें आखिरी बार 'कुमकुम भाग्य' में देखा गया था, जहां उन्हें राची शर्मा के साथ देखा गया था।

## छह सीजन जज करने के बाद विशाल ने छोड़ा 'इंडियन आइडल'

**नई दिल्ली।** मशहूर गायक-संगीतकार विशाल ददलानी ने छह सीजन तक इसके पैनल में जज रहने के बाद सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल को अलविदा कह दिया। उन्होंने सोमवार को अपने सोशल



मीडिया पर इंडियन आइडल के साथ अपने रिश्ते के खत्म होने की घोषणा की और कहा कि अब वह अपना सारा समय और एनर्जी दुनिया भर में संगीत बनाने और परफॉर्म करने में लगाना चाहते हैं। विशाल ने अपने इंस्टाग्राम पर श्रेया घोषाल और बादशाह के साथ एक प्यारा सा वीडियो साझा किया। इसके साथ ही उन्होंने एक लंबा नोट लिखा, जिसमें लिखा था, 'अलविदा, यारो। सीजन 6 में जितना मजा किया, उससे भी ज्यादा याद आएगी। हक से ज्यादा प्यार मिला है, इस शो की वजह से। इसमें शामिल सभी लोगों का हमेशा आभारी हूं। मुझे उम्मीद है कि शो मुझे उतना ही याद करेगा जितना मैं इसे मिस करूंगा।'

# 900 फिल्मों में काम करके बना 85 हीरोइन का हीरो...

**नई दिल्ली।** अक्सर फिल्म स्टार्स के बारे में कुछ फिगर्स डिक्लेयर किए जाते हैं, जिसमें बताया जाता है कि उन्होंने एक साल में कितनी फिल्मों में काम किया या ताउम्र कितनी फिल्मों में सक्रिय रहे। जैसे अक्षय कुमार के लिए कहा जाता है कि वो एक दौर में साल में सबसे ज्यादा फिल्म करने वाले स्टार थे। लेकिन, वो कभी एक हीरो का रिकॉर्ड नहीं तोड़ सके। इस हीरो ने सौ या दो सौ नहीं, बल्कि अपने पूरे कॅरियर में करीब 900 फिल्मों में काम किया था। इन 900 फिल्मों में से 700 फिल्में ऐसी थीं जिसमें वो लीड रोल में दिखे। चालीस फिल्मों में उन्होंने डबल रोल भी किए।



***साउथ के फिल्मों से बने सुपरस्टार :*** हम जिस एक्टर का यहां जिक्र कर रहे हैं उस एक्टर का नाम है प्रेम नजीर। प्रेम नजीर ने साउथ इंडियन फिल्मों से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। उनके नाम सबसे बड़ा रिकॉर्ड दर्ज है एक साल में रिलीज हुई फिल्मों का। कुछ साल ऐसे रहे जब प्रेम नजीर की 39-39 फिल्में रिलीज हुई हैं। मलयालम इंडस्ट्री को पूरी दुनिया में पहचान दिलाने का क्रेडिट भी उन्हें ही दिया जाता है। ज्यादा फिल्में करने का असर कभी उनकी एक्टिंग पर नहीं पड़ा। कहा जाता है कि वो इतनी रियलिस्टिक एक्टिंग करते थे कि फिल्म मेकर्स भी हैरान रह जाते थे।

***इस फिल्म से किया डेब्यू :*** प्रेम नजीर ने अपने पूरे फिल्मी कॅरियर में 40 फिल्मों में डबल और ट्रिपल रोल भी किया। इस दौरान उन्होंने 85 हीरोइन्स के साथ स्क्रीन शेयर की। उनकी पहली फिल्म साल1952 में रिलीज हुई थी, जिसका नाम था मरूमकल। इसके बाद उनकी फिल्म विसाप्पिंटे विली रिलीज हुई, जिसने उन्हें घर-घर में फेमस बना दिया। आपको बता दें कि प्रेम नजीर का असली नाम अब्दुल खादिर था। लेकिन, फिल्मी दुनिया में उन्हें प्रेम नजीर के नाम से पहचान मिली और फैन्स का प्यार भी।

# इस एक्टर को अपनी गाड़ी में घर छोड़ने आते थे दिलीप कुमार, पंडित नेहरू ने दे दी थी फेवरेट छड़ी

*__नई दिल्ली।__ अमिताभ बच्चन और धर्मेंद्र स्टारर फिल्म शोले में सूरमा भोपाली का किरदार निभाने वाले एक्टर सैयद इश्तियाक अहमद जाफरी उर्फ जगदीप को ऑडियंस से काफी सराहना मिली। उन्होंने अपनी फिल्मों में कॉमेडियन के अलावा गंभीर किरदार भी निभाए। अपनी शानदार एक्टिंग के लिए मशहूर हुए एक्टर की जिंदगी में एक ऐसा समय भी आया था जब उन्हें खुद दिलीप कुमार उनके घर तक छोड़ने आते थे। उस समय के पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरू ने तो अपनी पसंद की छड़ी तक एक्टर को दे दी थी। जगदीप के बेटे एक्टर जावेद जाफरी ने एक इंटरव्यू में पिता को याद करते हुए उनकी जिंदगी से जुड़े कई किस्से शेयर किए थे। एक्टर ने अपने पिता की जिंदगी के स्ट्रगल की कहानी सुनाने के बाद कहा, 'फुटपाथ में उन्होंने दिलीप कुमार के बचपन का किरदार निभाया था। मुहुर्त शॉट*



*उन्हीं पर लिया गया था। उन्हें रोना था उस सीन में। मेरे पिता ने बिना ग्लिसरीन लगाए ही रोने का वो सीन प्ले किया। उन्होंने वो सीन इतनी अच्छी तरह से निभाया कि दिलीप कुमार भी उनकी एक्टिंग पर फिदा हो गए। दिलीप साहब ने मेरे पिता को सौ रुपए इनाम दिया।'*

### इस बच्चे के ऑटोग्राफ लीजिए

*आगे एक्टर ने बताया, 'मेरे पिता और दादी तब तक माहिम में एक छोटी सी खोली किराए पर ले चुके थे। उस दिन की शूटिंग खत्म होने के बाद दिलीप साहब मेरे पिता को अपनी कार से छोड़ने माहिम आए थे। दिलीप साहब ने उन्हें एक पेट्रोल पंप के पास छोड़ा था। जब दिलीप साहब पेट्रोल पंप पर रुके तो वहां कुछ लोग उनके ऑटोग्राफ लेने आए। दिलीप साहब ने उनसे कहा कि इस बच्चे के ऑटोग्राफ लीजिए।*

### फिल्म इंडस्ट्री में लोग कहते थे मुन्ना


आगे एक्टर ने 'मेरे पिता को याद नहीं कि उन्हें जगदीप नाम किसने दिया था। मगर, उन्हें ये नाम पसंद था। उनका असली नाम सैयद इश्तियाक अहमद जाफरी था। और फिल्म इंडस्ट्री में लोग उन्हें मुन्ना कहते थे। नेहरू जी ने उन्हें फ़िल्म 'हम पंछी एक डाल के' के लिए अपनी छड़ी गिफ्ट की थी। नेहरू जी ने उस फ़िल्म के सभी बाल कलाकारों को अपने घर नाश्ते के लिए इनवाइट किया था। मेरे पिता की उम्र तब 15 साल थी। नेहरूजी ने सबको गिफ्ट दिए। मगर, जब मेरे पिता की बारी आई तो गिफ्ट खत्म हो गए। तब नेहरूजी ने अपनी छड़ी उठाई और मेरे पिता से कहा, 'मुझे मेरी ये छड़ी बहुत पसंद है। मगर, आज से ये तुम्हारी हुई।' वो छड़ी मेरे पिता ने हमेशा संभालकर रखी।'

## अनाउंसमेंट के वक्त ही लोगों का खींचा था अपनी ओर ध्यान

# इन बड़ी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार कर रहे फैंस, लिस्ट में रामायण भी शामिल

*__नई दिल्ली।__ किसी भी फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस उस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड हो जाते हैं। क्योंकि वो अपने पसंदीदा कलाकार को बड़े पर्दे पर धमाल मचाते हुए देखना चाहते हैं। इसलिए वो फिल्म से जुड़ी एक-एक अपडेट चाहते हैं और अगर कई दिनों तक फिल्म के बारे में कोई अपडेट न मिले, तो फैंस फिल्म के मेकर्स से सवाल करने लगते हैं। पिछले कुछ वक्त से बॉलीवुड से लेकर साउथ तक की कुछ ऐसी फिल्में हैं, जिन्होंने अपने अनाउंसमेंट के वक्त ही लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा था। लेकिन अब उनकी अनाउंसमेंट को काफी वक्त बीत जाने के बाद भी फिल्म को लेकर कोई जानकारी काफी वक्त से सामने नहीं आई है। जिसके बाद अब फैंस फिल्मों के मेकर्स से सवाल कर रहे हैं। इस लिस्ट में बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर से लेकर साउथ के मेगा स्टार चिरंजीवी तक की फिल्में शामिल हैं।*

**विश्वंभरा :** साल 2023 में चिरंजीवी के जन्मदिन के मौके पर उनके फैंस को तोहफा देते हुए उनकी नई फिल्म 'विश्वंभरा' की घोषणा की गई थी। हालांकि,



ऐलान के वक्त फिल्म को 'मेगा' नाम से प्रजेंट किया गया था। बाद में फिल्म का नाम विश्वंभरा बताया गया। फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस इस फिल्म के लिए उत्साहित हैं। पहले इस फिल्म को इसी साल मकर संक्रांति के मौके पर रिलीज किया जाना था, लेकिन बाद में फिल्म को आगे बढ़ा दिया गया। इसके बाद कहा गया कि फिल्म मई 2025 तक रिलीज हो सकती है, मगर अब जानकारी सामने आ रही है कि फिल्म मई में भी रिलीज नहीं होगी। ऐसे में फिल्म के बारे में मेकर्स की ओर से कोई जानकारी सामने न आने पर फैंस मेकर्स से सवाल कर रहे हैं और फिल्म को लेकर नई अपडेट देने की अपील कर रहे हैं।

**हरि हर वीरा मल्लू :** सुपरस्टार पवन कल्याण की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू: पार्ट 1– स्वॉर्ड वर्सेस स्पिरिट' को लेकर भी फैंस के बीच काफी एक्साइटमेंट है। होली पर मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट का एलान करते हुए बताया था कि फिल्म 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। दर्शकों की बेचैनी तब बढ़ गई जब अप्रैल तक फिल्म को लेकर कोई नई जानकारी सामने नहीं आई और न ही फिल्म का प्रमोशन शुरू हुआ। हाल ही में फैंस ने मेकर्स से फिल्म को लेकर सवाल किए हैं और उनसे फिल्म के प्रमोशन को शुरू करने की अपील की है।



**कल्कि-2 :** फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की सफलता के बाद से फैंस फिल्म के अगले पार्ट के लिए काफी उत्साहित हैं। मगर फैंस को फिल्म से जुड़ी कोई पुख्ता जानकारी हासिल नहीं हो पा रही है। हालांकि, बीच में ऐसी खबरें आई थीं कि फिल्म को इसी साल के अंत तक रिलीज करने की योजना है। लेकिन अभी तक ये साफ नहीं हो पाया है कि फिल्म की शूटिंग कब तक शुरू होगी या हो चुकी है।




**हेरा फेरी-3 :** जिन फिल्मों का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, उनमें प्रियदर्शन की कल्ट कॉमेडी फिल्म हेरा-फेरी का तीसरा पार्ट हेरा फेरी 3 भी शामिल है। बीते दिनों निर्देशक प्रियदर्शन ने ये कहकर दर्शकों का उत्साह और भी बढ़ा दिया कि वो जल्द ही फिल्म की शूटिंग शुरू करना चाहते हैं। हालांकि, अभी तक फिल्म को लेकर कोई पुख्ता जानकारी सामने नहीं आई है।



**रामायण :** रणबीर कपूर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण' को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। जबसे फिल्म की घोषणा हुई है, फैंस बड़ी ही बेसब्री से फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म को दो भागों में रिलीज किए जाने की तैयारी है। हाल ही में रामनवमी के मौके पर फैंस को उम्मीद थी कि फिल्म से जुड़ी कोई अहम जानकारी सामने आएगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जिसके बाद फैंस ने निर्देशक नितेश तिवारी से फिल्म को लेकर कोई अपडेट देने की मांग की थी।




**कार्तिक आर्यन की अनाम फिल्म :** कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म को लेकर लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। फिल्म की शूटिंग के वीडियो और फोटोज लगातार समने आ रहे हैं। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ अभिनेत्री श्रीलीला नजर आएंगी। अनुराग बसु द्वारा निर्देशित इस फिल्म के बारे में फैंस नई अपडेट का इंतजार कर रहे हैं।



**खबर संक्षेप**

### गैस सिलेंडर बढ़ोतरी पर माकपा ने जताया रोष

**भिवानी।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी जिला कमेटी भिवानी ने प्रेस को बयान जारी करते हुए कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने पहले टोल प्लाजा रेट और अब रसोई गैस सिलेंडर पर 50 रुपये व पैट्रोल-डीजल पर दो रुपये अधिभार लगाकर लोगों के ऊपर महंगाई का और बोझ डाल दिया है। वहीं हरियाणा राज्य सरकार ने बिजली दरों में बेताहाश बढ़ोतरी की है। पार्टी के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश ने रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी करने की कड़ी आलोचना की।

### हलवासिया विद्या विहार में मनाया वर्ल्ड हेल्थ डे

**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार में वर्ल्ड हेल्थ डे के अवसर पर प्राथमिक विभाग में डॉक्टर्स द्वारा कैंप का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में शहर के जाने-माने विशेषज्ञों (डॉक्टर्स) की टीम ने विद्यालय में शिरकत की। विद्यालय प्रशासक शमशेर सिंह अहलावत, प्राचार्य विमलेश व वीणा पाणि मेहता ने पौधे भेंट कर सभी डॉक्टर्स का स्वागत किया।

### धानक की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

**बवानीखेड़ा।** पूर्व मंत्री एवं धानक रत्न चौधरी अमर सिंह धानक की जयंती बाबा कमाल धर्मशाला में मनाई गई। इस अवसर पर बवानी खेड़ा के नवनिर्वाचित चेयरमैन सुंदर शर्मा ने कार्यक्रम में पहुंचकर कार्यक्रम को चार चांद लगा दिए वहीं नमन राजेंद्र धानक ने बताया कि मौजूद भीड़ बता रही है कि उनके दादा जी की यादें आज भी लोगों में जहन में हैं।

### बंसल बने मेंटेनेंस ट्रिब्यूनल के सदस्य

**बहल।** हरियाणा सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों एवं माता-पिता के भरण पोषण के अधिकारों की रक्षा के लिए गठित मेंटेनेंस ट्रिब्यूनल में नए सदस्यों की नियुक्ति की है। सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार बहल कस्बे वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रामअवतार बंसल ईशरवालिया को लोहारू के लिए मेंटेनेंस ट्रिब्यूनल का सदस्य नियुक्त किया गया है जबकि भाजपा बहल के पूर्व मंडल प्रधान सुनील शर्मा को सिवानी क्षेत्र का सदस्य बनाया गया है। गौरतलब है कि यह नियुक्ति हरियाणा सरकार की अधिसूचना के तहत की गई है जिसमें वरिष्ठ नागरिक अधिनियम 2007 और हरियाणा में लागू नियम 2009 के अनुसार ट्रिब्यूनल के गठन का प्रावधान है।

### बच्चों के लिए मनाया जाएगा पोषण पखवाड़ा

**भिवानी।** उपायुक्त महावीर कौशिक ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा मनाया जाएगा। गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों और छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों में व्यापक तरीके से पोषण संबंधी परिणामों को बढ़ाने के उद्देश्यों से पोषण पखवाड़ा मनाया जाता है। आंगनवाड़ी सेवाओं, किशोरियों के लिए योजना और पोषण अभियान बारे अनेक गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि पोषण पखवाड़ा 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक मनाया जाएगा। इस दौरान विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी।

पशु-पक्षियों को भटकना पड़ता है पानी के लिए : लक्ष्मण गौड़

# ओपन ग्रुप ने प्रशिक्षण केंद्र और पंडित नेकीराम पार्क में पक्षियों के लिए रखे दाना पानी के सकोरे

पशु-पक्षियों के लिए दाना व पानी की उचित व्यवस्था करना मानव का कर्तव्य: सागर चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप ने पशु-पक्षियों को राहत पहुंचाने के लिए चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी


**भिवानी।** पेड़ पर पक्षियों के लिए पानी के सकोरे बांधते चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

गर्मी में मानव हो या पशु-पक्षी सभी को जल की तलाश रहती है, ऐसे में गर्मी के मौसम में पशु-पक्षियों के लिए दाना पानी सेवा सबसे उत्तम पुण्य का कार्य है।

पशु-पक्षियों की सेवा एवं चिलचिलाती गर्मी में उन्हें पानी मुहैया करवाने के उद्देश्य से हरियाणा राज्य भारत स्काउट गाइड की शाखा चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप द्वारा मंगलवार को एकादशी से विशेष अभियान की शुरूआत की, जिसके तहत चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप के प्रशिक्षण केंद्र एवं कार्यालय तथा पंडित नेकीराम पार्क में पक्षियों के लिए दाने-पानी की व्यवस्था की। कार्यक्रम का आयोजन ग्रुप को-ऑर्डिनेटर लक्ष्मण गौड़ के दिशा-निर्देशानुसार किया। इस दौरान ओपन ग्रुप के सदस्यों ने सकोरों की साफ-सफाई एवं पानी भरने की जिम्मेदारी ली और दो दर्जन दाना-पानी के सकोरे पेड़ों पर बांधें। इस मौके पर चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप को-ऑर्डिनेटर लक्ष्मण गौड़, ग्रुप के लीडर सागर सज्जन सिंह एवं सह ग्रुप लीडर अमित कुमार ने कहा कि लोगों के लिए जगह-जगह प्याऊ, नल व पानी की उचित व्यवस्था की जाती है, लेकिन पशु-पक्षियों को पानी के लिए भटकना पड़ता है, ऐसे में हमारी जिम्मेदारी है कि हम पशु-पक्षियों के लिए दाना व पानी की उचित व्यवस्था करें, ताकि भीषण गर्मी से पक्षियों को राहत मिल सके। अभियान के तहत स्कोरे टांगने के लिए स्काउट की गठन का उपयोग किया। सीनियर रोवर नितेश कुमार ने इन सभी गठों का उपयोग करवाते हुए सभी रोवर्स को प्रशिक्षण के समय में लगाई जाने वाली महत्वपूर्ण गांठों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप रोवर्स द्वारा व्यवस्था की जाएगी।

**जल का संरक्षण करें**

ग्रुप को-ऑर्डिनेटर लक्ष्मण गौड़ एवं श्रीमहावीर जैन स्कूल की प्राचार्य एवं गाइड एवं रेंजर कैप्टन पुष्पा देवी ने कहा कि रोवर्स रेंजर्स द्वारा चलाई जाने वाले मुहिम रोवर्स व रेंजर्स की टुकड़ियों के सानिध्य में चल रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को पक्षियों के लिए गर्मी में पानी की महत्ता बताती है कि बूंद-बूंद पानी के उपयोग के साथ पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान देने की जरूरत है। अगर हम जल संरक्षण के महत्व को नहीं समझे तो भविष्य पर गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। इस दौरान सीनियर रोवर नितेश कुमार, सीनियर रोवर हर्ष कुमार, रोवर ध्रुव अग्रवाल, हिमांशु भाटी, वंश, विजय अहीरवार, विवेक, पार्थ, पुनीत, जोगिंद्र आदि मौजूद रहे।

## पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट ने शिक्षा बोर्ड परिसर में टांगे सकोरे और घौसले

- परिंदों के लिए राहतगृह बनते सार्वजनिक स्थानों पर रखे सकोरे व घौसले : डॉ.पवन
- पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में पक्षियों का अहम योगदान : संभ्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



गर्मी बढ़ते ही शहर में इंसान ही नहीं, परिंदे भी प्यास से बेहाल हो जाते हैं, ऐसे में पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट ने मिसाल कायम करते हुए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड परिसर में सैंकड़ों वृक्षों पर सकोरे व घौसले टांगे, ताकि परिंदों को प्यास बुझाने के लिए पानी व गर्मी में घर मिल सके। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि शिक्षा बोर्ड चेयरमैन डॉ. पवन कुमार पहुंचे, जिन्होंने सकोरे अभियान की शुरूआत की और अन्य लोगों को सराहनीय मुहिम से जुड़ने को प्रेरित किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्यतिथि चेयरमैन डॉ. पवन कुमार का पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल ने पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर डॉ. पवन कुमार ने कहा कि जब हम दोपहर में पंखा नहीं चलाते तो बेचैनी हो जाती है, सोचिए परिंदे जो पूरे दिन उड़ते है, उन्हें एक घूंट पानी तक नहीं मिलता, ऐसे में समाजसेवियों द्वारा पक्षियों की सेवा के लिए रखे सकोरे व घोंसले परिंदों के लिए राहतगृह बनते है। उन्होंने कहा कि गर्मियों में पानी की कमी से हजारों पक्षियों की मौत होती है, ये सकोरे उनके लिए जीवनदायिनी साबित होंगे। प्रत्येक नागरिक को चाहिए कि वह पक्षियों के संरक्षण के लिए इस मुहिम से जुड़े तथा पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करें। पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल ने कहा कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में पक्षियों का अहम योगदान है, पक्षी बहुत से ऐसे कीट-पतंगे खाते है, जो पर्यावरण व फसलों के लिए नुकसानदायक है।

## ऐतिहासिक होगी प्रताप जयंती: मड्डू

- सालवान में होने वाले जयंती जोड़ेगी इतिहास में नया अध्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी


**भिवानी।** महाराणा प्रताप जयंती कार्यक्रम का निमंत्रण देते परमजीत सिंह मड्डू।

वरिष्ठ भाजपा नेता परमजीत सिंह मड्डू ने कहा कि नौ मई को सालवान(करनाल) में होने वाली महाराणा प्रताप जयंती भीड़ की लिहाज से ऐतिहासिक होगी। उक्त जयंती कार्यक्रम में अथाह भीड़ पहुंचेगी और इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेगी। क्योंकि उक्त जयंती की सफलता के लिए सभी समुदाय के लोगों का सहयोग मिल रहा है और जनता में जयंती के प्रति जबरदस्त उत्साह है।

वे जंयती की सफलता को लेकर चलाए जा रहे जन सम्पर्क अभियान के तहत गांव नौरंगाबाद में लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने लोगों को नौ मई को होने वाली जयंती कार्यक्रम का न्यौता भी दिया। इस दौरान उन्होंने नौरगांबाद के अलावा फुलपुरा, कायला, सांगा, बडाला आदि गांवों का दौरा किया और लोगों को जयंती में पहुंचने का निमंत्रण दिया। उन्होंने बताया कि जयंती की सफलता के लिए असंध विधायक योगेंद्र सिंह राणा भी दिन रात एक किए हुए है। उक्त जयंती कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सीएम नायब सिंह सैनी शामिल होंगे और उनके अलावा पूरे प्रदेश से अनेक राजपूत अन्य समुदाय के नेता भी शामिल होंगे।

## कुराश खेल को नया जीवन मिलेगा

- इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ कुराश की पहली उपाध्यक्ष बनी राज्यसभा सांसद किरण चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी


**भिवानी।** किरण चौधरी को इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ कुराश की पहली उपाध्यक्ष बनने पर खुशी जताते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

राज्यसभा सांसद किरण चौधरी को इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ कुराश की पहली उपाध्यक्ष चुने जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पार्षद प्रदीप कौशिक, जयवीर सिंह रंगा, अंकुर कौशिक, मदन तंवर, अनिल चौहान, मनीष गुरेजा सहित अन्य पार्षदों ने खुशी जताई तथा उन्हें बधाई देते हुए इसे देश के लिए गर्व का क्षण बताया।

पार्षद प्रदीप कौशिक ने कह कि राज्यसभा सांसद किरण चौधरी की यह उपलब्धि ना केवल खेल जगत के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह भारत की वैश्विक पहचान को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। उन्होंने कुराश जैसे पारंपरिक खेल को अंतरराष्ट्रीय मंच पर नई पहचान दिलाने के लिए किरण चौधरी के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने ने कहा कि यह हमारे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है कि राज्यसभा सांसद किरण चौधरी को इतनी जिम्मेदारी मिली है।

**कुराश पारंपरिक मार्शल आर्ट खेल**

इससे युवाओं को प्रेरणा मिलेगी और भारत में कुराश खेल को नया जीवन मिलेगा। उन्होंने किरण चौधरी को सौंपी नई जिम्मेवारी पर इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ कुराश सहित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा, मनोहर लाल, धर्मेंद्र प्रधान, ओम बिरला का भी आभार जताया। बता दे कि कुराश एक पारंपरिक मार्शल आर्ट खेल है, जिसकी जड़ें मध्य एशिया से जुड़ी हुई हैं, लेकिन भारत में भी यह तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। किरण चौधरी की यह नियुक्ति इस खेल को देशभर में बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाएगी।

## आढ़तियों ने किया 11 क्विंटल गेहूं का दान

- आपसी सहयोग एवं सेवा भावना को बल देते है सामाजिक कार्य: प्रधान हनुमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढ़ड़ा


**बाढ़ड़ा।** गुरूकुल व गोशाला के लिए गेहूं दान करते आढ़ती। *फोटो : हरिभूमि*

बाढ़ड़ा अनाजमंडी एसोसिएशन के प्रधान हनुमान शर्मा, गुरुकुल पंचगांव प्रधान सरपंच ओमप्रकाश गांव, धर्मसेना अध्यक्ष बलवान सिंह आर्य, धर्मसेना जिला उपाध्यक्ष वेद अटेला, धर्मसेना महासचिव अजय चाहर, धर्मेंद्र प्रधान, नवीन बाढ़ड़ा, मांगेराम, सुभाष मान, अधिवक्ता आनंद सांगवान ने पंचगांव गुरूकुल व जुई गौशाला को 11-11 क्विंटल गेहूं दान कर सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश की। दान न केवल उनकी उदारता को दर्शाता है, बल्कि समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी की भावना को उजागर करता है। बाढ़ड़ा अनाजमंडी एसोसिएशन के प्रधान हनुमान शर्मा ने कहा कि हर वर्ष वे अपने लाभ का एक हिस्सा समाज कल्याण के कार्यों में लगाते हैं। इस बार उन्होंने गुरुकुल में अध्ययनरत छात्रों व गौशाला में रह रही गायों के लिए अन्नदान करना उचित समझा और ऐसे सामाजिक कार्यो से न केवल आपसी सहयोग और सेवा भावना को भी बल मिलता है, बल्कि युवावर्ग भी समाजसेवा से जुड़ने के लिए प्रेरित होता है। गुरुकुल प्रशासन ने आढ़तियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग हमारे लिए अमूल्य है। इससे बच्चों के भोजन की व्यवस्था और गौशाला में गोसेवा सुचारु रूप से चल सकेगी। वही गौशाला संचालकों ने भी आढ़तियों के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य अन्य लोगों को भी प्रेरणा देंगे।

## भजन कीर्तन का हुआ आयोजन

- ठाकुर पदम सिंह चौहान ने हनुमान के भजन गाकर कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी


**भिवानी।** एम सी कॉलोनी स्थित सेंट्रल पार्क में हनुमान का संगीतमय भजन कीर्तन का आयोजन करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

मंगलवार को भारत माता सेवा मंडल के सदस्यगणों द्वारा हनुमान का संगीतमय भजन कीर्तन एम सी कॉलोनी स्थित सेंट्रल पार्क में आयोजित किया गया । सर्व प्रथम हनुमान की प्रतिमा के आगे डॉ ओम प्रकाश चावला एवं वेद प्रकाश तंवर ने दीप प्रज्वलित किया। पंडित विशम्बर शर्मा ने मंत्र उच्चारण किया। जुगनू पेंटर, सतीश कथूरिया मंडल अध्यक्ष ठाकुर पदम सिंह चौहान ने हनुमान के भजन गाकर कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने बताया कि हनुमान जी सुख, समृद्धि बल बुद्धि के दाता हैं। सामाजिक समन्व और विकास के अग्रणीय हैं। उनका जाप करने मात्र से ही संकट समाप्त हो जाते हैं। मंडल अध्यक्ष ठाकुर पदम सिंह चौहान ने कहा कि 12 अप्रैल को हर वर्ष की भांति हनुमान जी का जन्म उत्सव शिव मंदिर के प्रांगण एम सी कॉलोनी स्थित सेंट्रल पार्क में धूमधाम से मनाया जाएगा। संरक्षक गणपत जसूजा ,सेवा प्रमुख अशोक जूसवाले ने सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया। कार्यक्रम में संगठन मंत्री सुमेर सैनी , सूबेदार सुरेंद्र परमार ,मुरारी लाल शर्मा, धर्मपाल वधवा ,यज्ञ दत्त, राकेश अरोड़ा ,महेश वधवा , ओमप्रकाश रानीवाल, रमेश यादव ,नरेंद्र बग्गा आदि मौजूद रहे।

## स्ट्रोंग रूम का निरीक्षण किया

- डीसी ने सीटीएम व विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों साथ किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



उपायुक्त महावीर कौशिक ने मंगलवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) और मतदाता सत्यापित पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) मशीनों की स्ट्रोंग रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीटीएम अनिल कुमार सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

उन्होंने चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को संग्रहीत करने की जांच की गई है। ईवीएम, सीयू, बीयू वीवीपैट सहित चुनाव सामग्री को स्ट्रांग रूम में रखा गया है। डीसी महावीर कौशिक ने कहा कि स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी कैमरों से आवागमन की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। लॉगबुक को जिला चुनाव अधिकारी की देखरेख में रखा जाता है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार स्ट्रांग रूम प्रबंधित किया गया है। इस दौरान भाजपा से रोशन लाल, गुणपाल सिंह, आईएनएलडी से एडवोकेट निशांत ढाण्डा व गौतम सिंह सहित चुनाव विभाग और पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। फोटो कैप्शनः डीसी महावीर कौशिक, सीटीएम अनिल कुमार व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते हुए।

13 वर्ष की आयु में ब्रह्माकुमारीज से जुड़ी व समाज सेवा में लगाया जीवन

## प्रमुख राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी नहीं रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी


**भिवानी।** ब्रह्माकुमारीज संस्थान की प्रमुख राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी से मुलाकात करती बीके वसुधा बहन। *(फाइल फोटो)*

नारी शक्ति के विश्व के सबसे बड़े संगठन ब्रह्माकुमारीज की मुखिया राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी स्थापना से वटवृक्ष बनने की साक्षी रही हैं, ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की कादमा शाखा प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने श्रद्धासुमन व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मात्र 13 वर्ष की आयु में ही ब्रह्माकुमारीज से जुड़ीं और पूरा जीवन समाज कल्याण में समर्पित कर दिया। 101 वर्ष की आयु में भी दादी की दिनचर्या अलसुबह ब्रह्ममुहूर्त में 3:30 बजे से शुरू हो जाती थी, सबसे पहले वह परमपिता शिव परमात्मा का ध्यान करती थी। राजयोग मेडिटेशन उनकी दिनचर्या में शामिल रहा। ब्रह्माकुमारी बहन ने कहा कि 25 मार्च 1925 को सिंध हैदराबाद के साधारण परिवार में दैवी स्वरूपा बेटी ने जन्म लिया और उनके माता-पिता ने उनका नाम लक्ष्मी रखा। किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि कल यही बेटी अध्यात्म और नारी शक्ति का जगमग सितारा बनकर सारे जग को रोशन करेगी। बचपन से अध्यात्म के प्रति लगन और परमात्मा को पाने की चाह में मात्र 13 वर्ष की उम्र में लक्ष्मी ने विश्व शांति और नारी सशक्तिकरण की मुहिम में खुद को झोंक दिया। प्रातः वेला में दादी रतनमोहिनी के साथ के अनुभव सांझा करते हुए कही।

**सूचना**

मैं, फूलपति पत्नी श्री रमेश लाल निवासी सिटी स्टेशन, राजीव कालोनी, भिवानी, तहसील व जिला भिवानी बयान करती हूं कि मेरे दो पुत्र सुरेन्द्र और कनवर मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### फसल काटते व निकालते समय सावधानियां बरतें

**चरखी दादरी।** यदि किसान सतर्क रहें और फसल काटते व निकालते समय सावधानियां बरतें तो गर्मियों में आग लगने के कारण होने वाले करोड़ों रूपयों के नुकसान से बचा जा सकता है। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने कहा है कि बिजली वितरण प्रणाली के कारण होने वाली आग की ज्यादातर दुर्घटनाएं असावधानी के कारण होती हैं। खलियान में फसल का ढ़ेर बिजली की लाbन के समीप व उसके नीचे होना खतरनाक है।

### मंडियों में सरसों उपज सुखाकर लाएं किसान

**चरखी दादरी।** रबी सीजन के तहत जिले में सरसों की खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार किसानों की उपज निर्धारित मानकों के अनुरूप खरीदी जा रही है और उनकी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। अब तक जिला में कुल 1 लाख 60 हजार क्वींटल से भी अधिक सरसों की खरीद हो चुकी है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे अपनी फसल को सुखाकर ही मंडी में लाएं।

### मातृशक्ति उद्यमिता योजना कारगर सिद्ध हो रहीः डीसी

**चरखी दादरी।** हरियाणा सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से मातृशक्ति उद्यमिता योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के तहत बैंकों के माध्यम से 5 लाख रुपये तक ऋण दिलाने की व्यवस्था की गई है। पहले यह राशि 3 लाख रूपए होती थी। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि योजना हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से क्रियान्वित की जा रही है।

### निबंध लेखन में विन्नी तृतीय स्थान पर रही

**भिवानी।** गत 17 जनवरी 2025 को हरियाणा सरकार द्वारा जींद में आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता का परिणाम चार अप्रैल को घोषित किया, जिसमें केएम पब्लिक स्कूल के सत्र 2024-25 की 12वीं कक्षा की विन्नी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

### कर्मचारी यूनियन की बैठक आयोजित की

**तोशाम।** मंगलवार को तोशाम के बिजली बोर्ड प्रांगण में अनुसूचित जाति एवं जनजाति, पिछड़ा वर्ग कर्मचारी यूनियन की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करवाना तथा पदोन्नति में आरक्षण लागू करवाने व रोस्टर प्रणाली लागू करवाना था। इस दौरान यूनियन के प्रयासों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। वहीं उपस्थित कर्मचारियों से यूनियन की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए आह्वान किया गया।

### लोगों पर महंगाई का बोझ डाल रही सरकार

**भिवानी।** भाजपा की नीति हमेशा से पूंजीपति हित एवं आमजन के विरोध में कार्य करती आई है, जिसके चलते भाजपा शासनकाल में आमजन का जीवन मुश्किलों से भरा रहा, जिसका उदाहरण भाजपा सरकार ने पूंजीपतियों के कर्ज माफ कर व आमजन पर महंगाई का बोझ बढ़ाकर बार-बार दिया है। इसी कड़ी में भाजपा ने एक बार फिर से बिजली बिलों, घरेलू गैस सिलेंडर, पैट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि कर आमजन पर महंगाई की मार मारने का काम किया है, ये बात ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र तालु ने प्रेस को जारी ब्यान में कही।

### पीएम मोदी की रैली होगी ऐतिहासिकःदलाल

**बहल।** पूर्व मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि हिसार में 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती अवसर पर आयोजित होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली ऐतिहासिक होगी। रैली को लेकर लोहारू हलके के भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। लोहारू हलके से हजारों की संख्या में लोग रैली में पहुंचेंगे।

---

किसान खेत मजदूर संगठन ने जताया रोष

# गाजा पट्टी पर किए गए बर्बर हमले की कड़ी निंदा, फूंका राष्ट्रपति का पुतला

**इजरायली सेना ने राफा में 12,000 वर्ग मीटर के क्षेत्र को पूरी तरह से तबाह कर दिया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम



**तोशाम।** गाजा पर हमले के विरोध में पुतला जलाते हुए। *फोटोः हरिभूमि*

युद्ध विराम का उल्लंघन करते हुए इजरायल द्वारा गाजा पट्टी पर किए गए बर्बर हमले की ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन जिला कमेटी भिवानी ने कड़ी निन्दा की और तोशाम के सुरेंद्र चौक पर साम्राज्यवादियों के सरगना अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायली राष्ट्रपति का पुतला फूंका।

इस मौके पर संगठन के जिला प्रधान रोहतास सिंह सैनी ने कहा की अमेरिकी साम्राज्यवाद की शह पर यहूदीवादी इजरायल की सेना ने जिस बर्बरता के साथ दक्षिणी गजा के शहर राफा, जहां लगभग 3 लाख फिलिस्तीनी रहते हैं, को मलबे के ढेर में तब्दील कर दिया है, उसकी निंदा के लिए कोई उचित शब्द नहीं हैं। इजरायली सेना ने राफा में 12,000 वर्ग मीटर के क्षेत्र को पूरी तरह से तबाह कर दिया, जहां 90 प्रतिशत लोग रहा करते थे। इस घटना को आज के समय में किसी शहर में हुए नरसंहार और नस्लीय सफाये की सबसे बुरी मिसाल कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि शहर की 85 प्रतिशत जल निकासी व्यवस्था नष्ट हो गई है, जिसके नतीजतन बीमारी फैल रही है। राफ़ा के 12 स्वास्थ्य केंद्रों में से कोई भी चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करने की स्थिति में नहीं है। इजरायली सेना द्वारा एम्बुलेंसों पर भी हमला किया गया, जैसा कि मृत लोगों के फोन फुटेज से पता चलता है। राफ़ा में आठ स्कूल और शैक्षणिक संस्थान पूरी तरह से नष्ट हो गए। 100 मस्जिदें या तो नष्ट कर दी गईं या गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गईं।

#### मूकदर्शक बनकर न रहें

सैनी का कहना था कि इस एकध्रुवीय विश्व में, यह बर्बरता इस बात की गवाह है कि कैसे एक शक्तिशाली नस्लवादी देश सबसे क्रूर साम्राज्यवादी ताकत की पूर्ण सैन्य और कूटनीतिक शह पाकर दुनिया भर में विरोध की परवाह न कर, यहां तक कि संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के आदेशों के बावजूद, अपने कब्जे का विस्तार करने के लिए, किसी अन्य देश के क्षेत्र पर आक्रमण कर सकता है और बिना किसी हिचकिचाहट के नरसंहार कर सकता है। दुनिया की साम्राज्यवाद-विरोधी अमनपसंद जनता आज सिर्फ मूकदर्शक अपनी भूमिका नहीं निभा सकती, उन्हें सीधे सड़कों पर उतरकर दुनिया भर में एकजुट और सुव्यवस्थित साम्राज्यवाद-विरोधी आंदोलन खड़ा करना होगा। सभी लोगों से आग्रह है कि वे इस अत्यंत आवश्यक कार्य को करने के लिए पूरी शक्ति से आगे आएं। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि दुनिया के साम्राज्यवाद-विरोधी और अमनपसंद लोग अब मूकदर्शक बनकर न रहें।



**भिवानी।** मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। *फोटोः हरिभूमि*

### झराई मजदूरों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**भिवानी।** नई अनाज मंडी के झराई मजदूरों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर भाजपा मजदूर प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक भगवानदास कालिया के नेतृत्व में मंगलवार को अनेक झराई मजदूरों ने मार्केट कमेटी सचिव एवं नई अनाज मंडी प्रधान भुरू को मांगपत्र सौंपा तथा उनकी समस्याओं का समाधान करते हुए सभी मांगें जल्द से जल्द पूरी किए जाने की गुहार लगाई। इस दौरान झराई मजदूरों ने दो दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि इस दौरान उनकी मांगें पूरी नहीं होती है तो वे हड़ताल करने पर मजबूर होंगे। इस मौके पर भाजपा मजदूर प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक भगवानदास कालिया ने बताया कि मांगपत्र के माध्यम से मांगपत्र के माध्यम से कट्टे का रेट 12 रूपये, केवल जराई व भराई के अलावा कोई काम ना करवाए जाने, ट्रैक्टर या गाड़ी खाली होने पर सफाई या कट्टे नहीं बांधने बारे, महिला मजदूरों के लिए शौचालय की व्यवस्था किए जाने, अनाज मंडियों में झराई का कार्य करने वाले मजदूरों को मजदूर रेट बताए जाने तथा 4 मजदूरी बढ़ाए जाने की मांग उठाई गई है। उन्होंने कहा कि पिछले 4 वर्षो से झराई मजदूरों की मजदूरी नहीं बढ़ाई गई है, जिसके चलते मजदूरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अनाज मंडी में महिलाओं के शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं है, इसके अलावा भी अनेक समस्याएं है, जिनका सामना झराई मजदूरों को प्रतिदिन करना पड़ता है।



**बवानीखेड़ा।** शिविर में योग करते हुए। *फोटोः हरिभूमि*

## बच्चों, मिड डे मील वर्कर्स व शिक्षकों को योग करवाया

- विश्व योग दिवस की तैयारियां हुई प्रारंभः कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

आज के रोजमर्रा जीवन में प्रत्येक व्यक्ति को कोई ना कोई शारीरिक परेशानी रहती है चाहे वो अनियमित खानपान के रूप में हो अथवा दैनिक दिनचर्या का सही से पालन ना करना बारे में हो। आयुष योग सहायक ने बताया इस वर्ष विश्व योग दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला भिवानी की सम्मानित जनता की अधिकतम भागीदारी जिला प्रशासन के सानिध्य में सुनिश्चित करेंगे ताकि अधिक से अधिक योग विधा हर जन और हर घर तक पहुंचे। विस्तृत जानकारी जिला भिवानी आयुष विभाग मास्टर योग ट्रेनर गजानंद कौशिक ने व्यायामशाला सज्जनपुर के अंतर्गत गांव के राजकीय उच्च विद्यालय के बच्चों को विश्व योग दिवस प्रोटोकॉल करवाते हुए दी उन्होंने सभी उपस्थित बच्चों मिड डे मील वर्कर्स अध्यापकों को योग आसन प्राणायाम करवाये । आयुष योग सहायक गजानंद ने बताया कि प्रतिदिन योग आसन, ध्यान, प्राणायाम करना हम सबके सर्वांगीण शारीरिक विकास के लिए बहुत जरूरी है। विश्व योग दिवस को अधिक से अधिक सफल मनाने को लेकर यह अभियान समस्त हरियाणा राज्य की व्यायामशालाओं और आसपास के सार्वजनिक क्षेत्रों में आयुष मंत्री आरती सिंह राव,हरियाणा योग आयोग चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य, रजिस्ट्रार डॉ. राजकुमार वैद के निर्देशन और भिवानी में जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. रश्मि शर्मा,जिला योग कॉर्डिनेटर डॉ. संजय कुमार वैद, डॉ. हरीश चंद्र, डॉ. निशा खट्टर के मार्गदर्शन में चलाया जा रहें हैं। आज इस सात दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर अभियान कार्यक्रम में मुख्य अध्यापक जयप्रकाश, अर्चना अरोड़ा, आयुष योग सहायक अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

## दिनोद में बच्चों को किया सम्मानित

- दिनोद आंगनवाड़ी प्ले स्कूल में रेडिनेस मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** गांव दिनोद में आंगनवाड़ी प्ले स्कूल में बच्चों को उपहार देते सरपंच प्रतिनिधि रामकिशोर योगी व अन्य। फोटोः हरिभूमि

गांव दिनोद में स्नेहलता आंगनवाड़ी प्ले स्कूल में रेडिनेस तैयारी मेले का आयोजन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि सरपंच प्रतिनिधि रामकिशोर योगी उपस्थित हुए तथा अध्यक्षता आईसीडीएस की सुपरवाइजर वंदना ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षा की देवी मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलन करके किया। मुख्यतिथि रामकिशोर योगी व सुपरवाइजर वंदना ने कहा कि प्ले स्कूल का उदेश्य नन्हे-मुन्हे बच्चों को स्कूल के लिए पूरी तरह से तैयार करना है। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि रामकिशोर योगी व सुपरवाइजर वंदना ने बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्ले स्कूल में बच्चों का बाल विकास, शारीरिक, बौद्धि, भाषा, गणित व रचनात्मक विकास होता है। प्ले स्कूल में अभिभावकों को पूरी तरह संतुष्ट किया जाता है कि अपने नन्हे-मुन्हे बच्चे तीन से छह वर्ष की आयु के प्ले स्कूल में भेजे, जिससे उनका स्कूल जाने से पूर्व पूर्ण विकास हो सके। प्ले स्कूल के बाद बच्चे स्कूल जाने के लिए पूरी तरह से तैयार हो जाते हैं। सभी नन्हे-मुन्हे बच्चों को ग्राम पंचायत व स्नेहलता आंगनवाड़ी की तरफ से रोचक व मनोरंजक खेल खेल एवं सीखने के उपकरण व उपहार भेंट किए, जिससे बच्चे खेल-खेल में शिक्षा प्राप्त कर सके।

### जंगल को तहस नहस करना निदंनीय

**भिवानी।** हैदराबाद में सैकड़ो एकड़ जमीन पर बने जंगल को तहस-नहस करके अनेक पशु पक्षियों को पहुंची पीड़ा की तोशाम की बाबा मुंगीपा गौशाला के प्रधान सतपाल दूहन ने कड़े शब्दों में निंदा की है। प्रेस को जारी बयान में प्रधान सतपाल दूहन ने कहा की अगर हैदराबाद में होने वाले विकास के नाम पर इस विनाश को नहीं रोका गया तो आने वाली पीढ़ी आपको कभी माफ नहीं करेगी। क्योंकि करीबन 400 एकड़ के जंगल पर बुलडोजर जेसीबी आदि आधुनिक मशीन चलाकर पशु पक्षियों के घर को उजाड़ा जा रहा है, जिसकी वह कड़े शब्दों में निंदा करते हैं।

सतपाल दूहन का कहना था कि इस विनाश के दौरान हजारों पशु पक्षी पीड़ा के कारण बुरी तरह से कोलाहल कर रहे हैं।

## छात्रों को हाथ धोने के सही तरीके बताए

- पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पालुवास में मनाया विश्व स्वास्थ्य दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** जागरूकता रैली निकालते हुए। *फोटोः हरिभूमि*

प्रत्येक वर्ष 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य विश्व के सभी लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को विश्व स्वास्थ्य दिवस के इस वर्ष के विषय से अवगत करवाया और विद्यार्थियों को शुद्ध जल पीने एवं पौष्टिक भोजन करने के लिए प्रेरित किया। इस साल का विश्व स्वास्थ्य दिवस का विषय है- स्वस्थ शुरुआत आशापूर्ण भविष्य । पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न क्रियाकलापों के द्वारा अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने के प्रति सभी को जागरूक किया। विद्यालय की नर्स मैडम ने विद्यार्थियों को यह समझाया कि उन्हें कुछ भी खाने से पहले अपने हाथ अवश्य ही धोने चाहिए ताकि गंभीर बीमारियों से बचा जा सके। उन्होंने छात्रों को हाथ धोने के सही तरीके के बारे में जानकारी दी।विद्यालय के छात्रों द्वारा लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए एक साइकिल रैली भी निकाली गई। स्वस्थ शुरुआत ,आशापूर्ण भविष्य विषय पर एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी विद्यालय स्तर पर किया गया। विद्यालय के प्राथमिक और माध्यमिक विभाग के छात्र-छात्राओं ने स्वास्थ्य विषय पर कविता प्रतियोगिता में भी पूर्ण उत्साह के साथ भाग लिया। अंत में विद्यालय के प्राचार्य श्री मोहिंदर सिंह जी ने इस अवसर पर बच्चों को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया।

## बेटी के जन्म पर बेटों की तरह पर्व का आयोजन

- पपोसा में भगत सिंह के घर बेटी पैदा होने पर मनाई खुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा



**बवानीखेड़ा।** बेटी के जन्म पर थाली बजाते हुए। *फोटोः हरिभूमि*

गांव पपोसा में भगत सिंह के घर बेटी के जन्म पर बेटों की तरफ खुशी मनाई गई। तमाम लोगों को बेटों के जन्म पर खुशियां मनाते देखा जाता है, लेकिन बेटी के जन्म पर खुशी मनाने का चलन कम ही है। समाज में कुछ ही ऐसे लोग है जो बेटियों को भी बेटों से बढ़कर मानते हैं और उनके जन्म पर जमकर खुशियां मनाते हैं।

गांव पपोसा में भगत सिंह पुत्र सुभाष चंद्र के घर आज सुबह बेटी के जन्म हुआ जिस पर पूरे परिवार द्वारा उत्सव मनाया गया। परिवार के सदस्यों ने आरती करके नवजात बेटी की मां गोमती व पिता भगत सिंह का स्वागत किया। पड़पोती के जन्म पर प्रेम देवी पूर्व सरपंच पपोसा ने थाली बजाकर घर आई लक्ष्मी का स्वागत किया।

## अनेक भाइपाइयों ने जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू

- भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश प्रभारी वरुण श्योराण के पिता जयपाल सिंह का हृदय गति रुकने से हुआ निधन

गागड़वास गांव में भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश प्रभारी वरुण श्योराण के पिता जयपाल सिंह के निधन पर शोक प्रकट करने वालों का तांता लगा है। बता दें कि चार दिन पहले जयपाल सिंह का हृदय गति रुकने से निधन हो गया था। जयपाल सिंह के पुत्र वरुण श्योराण भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी रह चुके, वहीं उनकी पुत्री ज्योति बैंदा वर्तमान में एचपीएससी की सदस्य हैं। जयपाल सिंह के निधन पर पूर्व शिक्षामंत्री रामबिलास शर्मा, मोहनलाल बड़ौली, महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह, वेदपाल सिंह, महेंद्रगढ़ भाजपा अध्यक्ष यतेंद्र राव, रेवाड़ी जिलाध्यक्ष भाजपा वंदना पोपली, दादरी भाजपा अध्यक्ष सुनील इंजीनियर, चेयरमैन आनंद, मनदीप, रमेश गागड़वासिया, सुनील कुमार, महेश गोपालवास, राजेश, प्रकाश शर्मा झुप्पा सहित अनेक लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की।



**लोहारू।** वरूण श्योराण के पिता जयपाल सिंह के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित करते भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली।

### सीजेएम ने सखी वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया

- सीजेएम ने किया सखी वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण

**भिवानी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम पवन कुमार ने सखी वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को महिलाएं व बच्चों की मदद के लिए जरूरी निर्देश दिए। सीजेएम-कम-सचिव ने कहा कि महिलाएं व बच्चे मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर 181 पर संपर्क कर सकते हैं। औचक निरीक्षण के दौरान सीजेएम पवन कुमार ने हिंसा की शिकार महिलाओं से संबंधित केस रजिस्टर की भी जांच की। जिन्हें इस केंद्र द्वारा इलाज, कानूनी सहायता और मानसिक राहत के लिए परामर्श और सहायता प्रदान की गई है। उन्होंने यहां तैनात अधिकारी से कहा कि सखी वन स्टाप सेंटर पर मदद के लिए आने वाली हर पीड़ित महिला, जिसे निःशुल्क कानूनी सहायता या वकील की सेवाएं चाहिए, वह तुरंत जिला कानूनी सेवाएं अथॉरिटी के कार्यालय में संपर्क करें। उन्होंने कहा कि सखी वन स्टाप सेंटर द्वारा हिंसा की शिकार महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में आमजन को जागरूक किया जाए, ताकि मुश्किल की घड़ी में महिलाओं को इस केंद्र से सुविधाएं मिल सकें। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने बताया कि सखी सेंटर में प्रदान की जाने वाली सुविधाओं में दुष्कर्म, घरेलू हिंसा, तेजाब पीड़ित, मानव तस्करी, बाल विवाह, साइबर क्राइम, गायब होने, अपहरण, दहेज आदि महिलाओं व लड़कियों को वन स्टाप सेंटर पर तत्काल मदद मुहैया करवाई जाती हैं।

कैरू की 'बणी की भूमि आईआईटी' के लिए पर्याप्त

# आईआईटी स्थापित हुई तो खुल जाएंगे विकास के द्वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

शायद तोशाम प्रदेश का इकलौता ऐसा हलका है,जिसने विधायक से लेकर रेल व रक्षा मंत्री दिए। यहीं नहीं सेना प्रमुख भी इसी हलके के गांव बापोड़ा ने दिया। हलके की चौधर के जिक्र विश्व स्तर तक छाए रहे,लेकिन अभी रेतीले इलाके को विकास की दरकार है। हलके की जनता तर्क है कि तोशाम हलके के कैरू गांव में देश की सबसे बड़ा तकनीकी संस्थान स्थापित करवाया जाए तो रेतीले इलाके के विकास के पहिए अपने आप रफ्तार पकड़ जाएगा। कैरू में आईआईटी स्थापित होने के बाद अकेले तोशाम ही नहीं। इसके साथ लगता लोहारू हलका,भिवानी, बवानीखेड़ा व बाढ़डा हलके का भी चहुमुखी विकास होगा। फिलहाल लोकसभा सांसद धर्मबीर सिंह, राज्य संभा सांसद किरण चौधरी तथा सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी से आईआईटी को लेकर जनता को काफी उम्मीदें है। लोगों का तर्क है कि इस वक्त भी कैरू या आसपास किसी इलाके में आईआईटी स्थापित नहीं हो पाई तो भविष्य में ऐसा सुनहरा मौका मिलना बड़ा मुश्किल होगा। चूंकि कैरू की बणी की भूमि आईआईटी स्थापित होने के लिए पर्याप्त है।

#### सुविधाओं का अभाव



युवा छात्र संघर्ष समिति के अध्यक्ष कमल सिंह ने बताया कि उन्होंने कहा कि अब भी यहां से दो सांसद धर्मबीर सिंह व राज्यसभा सांसद किरण चौधरी व एक कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी हैं। इसके बावजुद भी यहां के युवा सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं।

#### बाहर जाना पड़ रहा



युवा कल्याण संगठन के सदस्य जितेन्द्र भोलू ने कहा कि प्रदेश की राजनीति में तोशाम हलके का अहम योगदान है। इस हल्के ने प्रदेश व केन्द्र में बड़े कदावर नेता दिए हैं फिर यहां के युवाओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए बाहर जाना पड़ रहा।

#### चहुमुंखी विकास होगा



समाजसेवी दुष्यंत कलकल ने बताया कि अगर कैरू या आसपास इलाके में आईआईटी स्थापित हो जाए तो जिले का चहुमुंखी विकास होगा। साथ ही आईआईटी स्थापित होने से भिवानी जिले के युवाओं को इनटेक सीट मिल जाएगी।

#### विकास को गति मिलेगी



समाजसेवी अमित अत्री ने बताया कि अगर कैरू या आसपास के इलाके में आईआईटी स्थापित हो जाए तो रेतीले इलाके के विकास को गति मिल जाएगी। सड़कों का जाल बिछ जाएगा। जिले के युवाओं को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर मिलेंगे।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
कोचिंग के क्षेत्र का बड़ा नाम.....
आर्यन कोचिंग सैन्टर
'विश्वास का दूसरा नाम'
नये बैच शुरू 12th के बाद नौकरी-कॉमन बैच
C.E.T. रेलवे
CUET अग्निवीर
S.S.C. Delhi Police
अनुभवी अध्यापक नोटस पैकेज शानदार रिजल्ट
पता : पारस वाली गली, नजदीक बस स्टैण्ड, च. दादरी
9050035973, 9812611926